दिन– मंगलवार | दिनांक– 18 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपराध नियंत्रण को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई के दिये निर्देश।

02. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– सारण के मढ़ौरा स्थित रेल कारखाने में तैयार होने वाले इंजनों का जल्द ही निर्यात शुरू होगा।

03. राज्य सरकार ने भूमि लगान के बड़े बकायेदारों को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। ऐसे लोगों के खिलाफ सर्टिफिकेट केस दर्ज किया जायेगा।

04. और, जदयू सांसद संजय कुमार झा ने केन्द्र सरकार से मखाना का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने और इसे फसल बीमा योजना के दायरे में लाने की मांग की।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि अपराध नियंत्रण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराधी चाहे जो भी हो उसे किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जायेगा। श्री कुमार ने पटना में विधि व्यवस्था की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को अपराध नियंत्रण के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। बैठक में मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और पुलिस महानिदेशक विनय कुमार भी मौजूद थे। बैठक के बाद अपर पुलिस महानिदेशक, विधि व्यवस्था पंकज दराद ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पुलिस हमलावर अपराधियों को गोली से ही जबाव देगी।

———बाइट———

इधर, एडीजी मुख्यालय कुंदन कृष्णन ने दोहराया कि हमलावर अपराधी को किसी भी कीमत पर नही छोड़ा जायेगा।

———बाइट———

————————————————————————

गौरतलब है कि होली के दौरान पुलिस पर हमले की बारह घटनाएं हुईं, जिसमें दो एएसआई की मौत हो गयी जबकि सत्ताईस पुलिसकर्मी घायल हो गए। अररिया, मुंगेर, पटना समस्तीपुर और जहानाबाद में पिछले कुछ दिनों में पुलिसबल पर हमले की घटनाएं हुई हैं।

————————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि बिहार के मढ़ौरा स्थित रेल कारखाने में तैयार होने वाले इंजनों का जल्द ही निर्यात शुरू होगा। राज्यसभा में अपने मंत्रालय के कामकाज पर हुई चर्चा का जवाब देते हुये श्री वैष्णव ने कहा कि मढ़ौरा में बने रेल इंजनों के निर्यात के लिए मोजाम्बिक, सेनेगल, म्यांमार, श्रीलंका और बांग्लादेश के साथ बातचीत चल रही है।

---बाईट---

---

राज्य सरकार ने कहा है कि भूमि लगान के बड़े बकायेदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ लोक मांग वसूली अधिनियम के तहत सर्टिफिकेट केस दर्ज किया जाए।

---

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा है कि भूमि सर्वे से जुड़ी शिकायतों के निपटारे के लिए ऑनलाईन शिकायत प्रणाली की शुरूआत की जायेगी। विधान परिषद में एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि इसके तहत नागरिकों से ऑनलाईन आवेदन लिये जायेंगे और आवेदन पर हुई कार्रवाई की जानकारी ऑनलाईन ही उपलब्ध होगी।

---बाईट---

श्री सरावगी ने कहा कि विभाग एक कॉल सेंटर भी खोलेगा। इसके माध्यम से लोग भूमि के कागजात, पंजीकरण, राजस्व शुल्क भुगतान और विभाग की ओर से दी जा रही अन्य सेवाओं की जानकारी ले सकेंगे।

---

राज्य सरकार ने कहा है कि वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग में तीन हजार नौ सौ तैंतालीस पदों पर नियोजन किया जायेगा। विधानसभा में विभागीय मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि इस वर्ष तीन सौ तिरानवे पदों पर नियुक्ति होगी। उन्होंने कहा कि नियुक्तियों से संबंधित अधियाचना संबंधित आयोगों को भेज दी गयी है।

---

जदयू सांसद संजय कुमार झा ने केन्द्र सरकार से मखाना का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने की मांग की है। राज्यसभा में श्री झा ने सहकारी संस्थानों द्वारा मखाना

की खरीद करने और मखाना की खेती को फसल बीमा योजना के दायरे में शामिल करने का अनुरोध किया। श्री झा ने कहा कि इससे किसानों को वित्तीय सुरक्षा मिलेगी।

---बाईट---

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज हर घर नल का जल निश्चय योजना के अन्तर्गत सात हजार एक सौ छियासठ करोड़ रूपये से अधिक लागत वाली जलापूर्ति योजनाओं और भवन संरचनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास करेंगे। पटना में आयोजित कार्यक्रम में श्री कुमार वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शामिल होंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू भी मौजूद रहेंगे।

---

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के बेहतर कार्यान्वयन में बिहार को फरवरी महीने में देशभर में चौथा स्थान मिला है। फरवरी महीने में राज्यभर में चौबीस हजार एक सौ तिहत्तर गर्भवती महिलाओं की जांच की गयी। अभियान के तहत प्रत्येक महीने की नौ और इक्कीस तारीख को गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की जाती है।

---

प्रदेश के पन्द्रह अनुमंडलीय अस्पतालों में मातृ नवजात शिशु देखभाल इकाई, एमएनसीयू की शुरूआत होगी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि अररिया, पूर्णियां, सारण, समस्तीपुर और नालंदा समेत चिन्हित पन्द्रह जिलों में इन इकाईयों की स्थापना की जायेगी।

---

बिहार पुलिस में सिपाही के उन्नीस हजार आठ सौ अड़तीस पदों के लिए आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है। इच्छुक अभ्यर्थी केन्द्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती की वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि अठारह अप्रैल निर्धारित है।

---

आय से अधिक सम्पत्ति मामले में नालंदा के जिला परिवहन पदाधिकारी अनिल कुमार दास को निलंबित कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। गौरतलब है कि पिछले दिनों विशेष निगरानी इकाई ने उनके ठिकानों पर छापेमारी कर करोड़ों रूपये की अवैध सम्पत्ति का खुलासा किया था।

---

सारण जिले के मशरक नगर पंचायत के वार्ड नम्बर नौ में एक शराब तस्कर की गिरफ्तारी करने पहुंची पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। हमले में

तरैया के थानाध्यक्ष समेत चार पुलिस कर्मी घायल हो गये। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इधर, किशनगंज जिले के बेलवा में जाली नोट के तस्कर का पीछा कर रही एसएसबी की टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस हमले में एसएसबी के पांच जवान घायल हो गये। इस मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

————————————————————————

जिला परिषदों में अब निविदा के माध्यम से निर्माण कार्य करवाये जायेंगे। पंचायती राज विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। विभाग के सचिव दिवेश सेहरा ने बताया कि योजनाओं के कार्यान्वयन में गति लाने के लिए नई व्यवस्था लागू की गयी है।

————————————————————————

त्रि–स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के निर्वाचित जन–प्रतिनिधियों के नियमित नियत मासिक भत्ते का भुगतान जिला स्तर से प्रतिमाह किया जाएगा। पंचायती राज विभाग ने इस संबंध में जिला पंचायती राज पदाधिकारियों को निर्देशित किया है।

————————————————————————

बगहा पुलिस जिला के एसपी एस.के. सरोज ने होली के दौरान ड्यूटी से गायब चार सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि इन सभी पर विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

————————————————————————

जमुई जिले के झाझा थाना क्षेत्र के चिलको गांव में स्थानीय लोगों ने डायन होने के संदेह पर एक वृद्ध दम्पति की हत्या कर दी। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत रामपुरवा पेट्रोल पंप के पास अपराधियों ने एक व्यापारी से हथियार के बल पर चार लाख अस्सी हजार रूपये लूट लिये।

————————————————————————

कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र के गंगा पार गोबराही दियारा के घाट टोला में आग लग जाने से पैंतीस घर जलकर नष्ट हो गये।

————————————————————————

रोहतास जिले के सासाराम नगर थाना क्षेत्र स्थित तकिया मोहल्ले में भूमि विवाद में दो गुटों के बीच कई राउंड फायरिंग हुई। पुलिस ने इस मामले में कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर की गयी समीक्षा बैठक आज के सभी समाचार पत्रों की प्रमुख सुर्खी है।

हिन्दुस्तान लिखता है— अपराधी चाहे जो भी हो, बख्शा नहीं जायेगा।

दैनिक जागरण ने लिखा है— समीक्षा बैठक में बोले सीएम आपराधिक घटनाओं के पीछे साजिश की भी जांच हो।

प्रभात खबर की सुर्खी है— ग्रामीण विकास विभाग में तीन हजार नौ सौ तैंतालीस पदों पर होगी नियुक्ति।

दैनिक भास्कर ने लिखा है— चीन ने मोदी की टिप्पणी को सराहा, कहा— दो हजार वर्षों से मैत्रीपूर्ण रिश्ते रहे हैं।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है— दस वर्षों में सोलह दशमलव तीन पांच लाख करोड़ रूपये गये बट्टे खाते में।

आज अखबार लिखता है— तेलंगाना में ओबीसी को शिक्षा, नौकरी और राजनीति में मिलेगा बयालीस फीसदी आरक्षण।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपराध नियंत्रण को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई के दिये निर्देश।

02. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा— सारण के मढ़ौरा स्थित रेल कारखाने में तैयार होने वाले इंजनों का जल्द ही निर्यात शुरू होगा।

03. राज्य सरकार ने भूमि लगान के बड़े बकायेदारों को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। ऐसे लोगों के खिलाफ सर्टिफिकेट केस दर्ज किया जायेगा।

04. और, जदयू सांसद संजय कुमार झा ने केन्द्र सरकार से मखाना का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने और इसे फसल बीमा योजना के दायरे में लाने की मांग की।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।